कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–5 / 1211 / 2022 / 10–11 / 1825 भोपाल, दिनांक 8-5-23

प्रति,

वन मण्डलाधिकारी,
सामान्य वन मण्डल, नर्मदापुरम् (होशंगाबाद), मध्यप्रदेश।

विषयः– बैतूल एवं होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले में जुझारपुर से ढोढरामोहार के मध्य तीसरी रेल्वे लाईन के निर्माण हेतु उत्तर बैतूल वन मण्डल की 1.2496 हेक्टेयर वनभूमि एवं होशंगाबाद वन मण्डल की 6.6531 हेक्टेयर कुल 7.9027 हेक्टेयर (ऑनलाईन आवेदित 9.9857 हे.) वनभूमि सेन्ट्रल रेल्वे नागपुर डिवीजन बैतूल को उपयोग पर देने बाबत्। **(FP/MP/RAIL/150074/2021)**

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक, बैतूल का पत्र क्र. / मा.चि. / 2623 दिनांक 16.12.2022

----0----

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके द्वारा मुख्य वन संरक्षक बैतूल ने विषयांकित प्रस्ताव अपनी अनुशंसा उपरांत इस कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा गया है।

उपरोक्त प्रस्ताव में आवेदक संस्थान ने अपने पत्र दिनांक 03.01.2023 से इस कार्यालय को अवगत कराया है कि होशंगाबाद (नर्मदापुरम) वन मण्डल के वनक्षेत्र में 6.6531 हेक्टेयर के स्थान पर 6.7861 हेक्टेयर हो गया है। आवेदक संस्थान द्वारा तदनुसार ऑनलाईन भाग–1 में संशोधन भी कर दिया गया है।

अतः लेख है कि आप संशोधित वनक्षेत्र का निरीक्षण कर ऑनलाईन भाग–2 में प्रभावित वृक्षों की संख्या, 24 कॉलम का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन एवं संशोधित क्षेत्र की अनुशंसा आदि की जानकारी अपलोड कर मुख्य वनसंरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को भिजवायें, ताकि प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सके।

04/05/2023

(सुनील अग्रवाल)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 1211 / 2022 / 10–11 / 1826 भोपाल, दिनांक 8-5-23

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) नर्मदापुरम् (होशंगाबाद) / बैतूल मध्यप्रदेश।
2. उप मुख्य अभियंता (निर्माण), सेन्ट्रल रेल्वे नागपुर डिवीजन, बैतूल, म.प्र.।
3. वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, उत्तर बैतूल, मध्यप्रदेश।

की ओर प्रेषित कर लेख है कि मुख्य वनसंरक्षक होशंगाबाद संशोधित क्षेत्र की अनुशंसा ऑनलाईन भाग–III में कर प्रस्ताव इस कार्यालय को भिजवायें।

04/05/2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

E:\Rakesh\2023\2MISC 2023.doc